| | | |
|---|---|---|
| **2.0** | | **उद्देश्य** |
| | 2.1 | राष्ट्रीय रोजगार क्षमता वृद्धि मिशन (एनईईएम) का उद्देश्य तकनीकी अथवा गैर तकनीकी विधा में स्नातक/डिप्लोमा करने वाले व्यक्ति की रोजगार क्षमता में वृद्धि करने अथवा डिग्री अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले व्यक्ति की रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु उसको कार्य पर प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान करना है। |
| **3.0** | | **राष्ट्रीय रोजगार क्षमता वृद्धि मिशन (एनईईएम) एजेंट की पात्रता** |
| | 3.1 | कोई सोसाईटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी/केन्द्रीय सरकार के निकाय/राज्य सरकार के निकाय एनईईएम एजेंट के रूप में पंजीकृत करवाने हेतु पात्र होंगे , |
| | 3.2 | कम से कम पांच वर्षों से प्रशिक्षण कार्य करने वाला ही एनईईएम एजेंट होगा। |
| | 3.3 | एनईईएम एजेंट का पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रति वित्तीय वर्ष कम से कम 50 करोड़ का टर्नओवर होना चाहिए अथवा मुख्य कंपनी, जिसके अंतर्गत धारा 25 कंपनी बनाई गई है, को एनईईएम के उद्देश्यों को पूरा करना चाहिए तथा उसका पिछले तीन वर्षों के दौरान कम से कम 50 करोड़ का टर्नओवर होना चाहिए। |
| | 3.4 | एनईईएम एजेंट को अनुमोदित एनईईएम एजेंट बनने के लिए अभातशिप में पंजीकरण कराना होगा |
| | 3.5 | एनईईएम एजेंट को पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाईन प्रस्तुत किये गये डाटा के साथ–साथ पंजीकरण के लिए परिशिष्ट–I में दिये गये प्रपत्र अनुसार एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा |
| | 3.6 | एनईईएम के उद्देश्यों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एनईईएम एजेंट के पास वर्ष में कम से कम 10,000 विद्यार्थियों को पंजीकृत कंपनियों अथवा पंजीकृत उद्योगों में रखने की क्षमता होनी चाहिए |
| | 3.7 | एनईईएम एजेंट के रूप में पंजीकरण के लिए इच्छुक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी/केन्द्र सरकार के निकायों/राज्य सरकार के निकायों को इस विनियमों के साथ संलग्न प्रपत्र में यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा पंजीकरण हेतु दिये आवेदन में प्रस्तुत की सूचना सही है, और यदि भविष्य में आवेदक द्वारा दी गई सूचना गलत पायी गई, तो इस सूचना के आधार पर एनईईएम एजेंट के तौर पर किया गया उनका पंजीकरण रोका जा सकता है अथवा वापस लिया जा सकता है |
| | 3.8 | यदि सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी के किसी सदस्य अथवा किसी सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी के विरूद्ध सतर्कता जांच सहित कोई जांच चल रही है अथवा पुलिस अथवा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा कोई आपराधिक जांच/अभियोजन चल रहा है, तो ऐसी सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी इन विनियमों के अंतर्गत एनईईएम एजेंट के रूप में पंजीकरण करवाने हेतु आवेदन करने अथवा अनुमोदन पाने के लिए पात्र नहीं होगी |

| | | |
|---|---|---|
| **4.0** | | **एनईईएम के अंतर्गत प्रशिक्षु की पात्रता** |
| | 4.1 | ऐसा व्यक्ति, जिसने स्नातक/डिप्लोमा पूरा कर लिया है अथवा स्नातक/डिप्लोमा हेतु पढ़ाई कर रहा है तथा एनईईएम के अंतर्गत पंजीकृत है, को एनईईएम के अंतर्गत प्रशिक्षु (ट्रेनी) कहा जाएगा |
| | 4.2 | एनईईएम के अंतर्गत प्रशिक्षण का इच्छुक व्यक्ति पंजीकरण कराने की तिथि को 18 वर्ष से अधिक तथा 35 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए |
| | 4.3 | एनईईएम के अंतर्गत प्रशिक्षण का इच्छुक व्यक्ति किसी तकनीकी अथवा गैर तकनीकी विधा में स्नातक/डिप्लोमा धारक बेरोजगार होना चाहिए |
| | 4.4 | एनईईएम के अंतर्गत प्रशिक्षण का इच्छुक व्यक्ति वर्तमान में किसी तकनीकी अथा गैर तकनीकी विधा में स्नातक/डिप्लोमा कर रहा होना चाहिए अथवा वह ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसने डिग्री अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पढ़ाई बीच में छोड़ दी हो |
| | 4.5 | वह एनईईएम द्वारा निर्धारित शारीरिक योग्यता के मानकों को पूरा करता हो |
| **5.0** | | **एनईईएम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अनुबंध (संविदा) के मानक** |
| | 5.1 | एनईईएम तथा एनईईएम प्रशिक्षु के मध्य एक अनुबंध (संविदा) हस्ताक्षरित किया जाएगा, जिसमें इससे संबंधित सभी निबंधन एवं शर्तें शामिल होंगी |
| | 5.2 | परिशिष्ट–II में दिये गये प्रपत्र के अनुसार बनाए अनुबंध (संविदा) पत्र में वर्णित एनईईएम प्रशिक्षु की प्रवेश की तिथि से एनईईएम प्रशिक्षण आरंभ माना जाएगा |
| | 5.3 | एनईईएम अनुबंध (संविदा) रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र अथवा रोजगार की गारंटी अथवा रोजगार नहीं होगा |
| | 5.4 | प्रशिक्षु को भुगतान किये जाने वाले पारिश्रमिक/वृत्तिका (स्टाइपंड) की एक समेकित राशि होगी तथा इसमें से नियमित रोजगार के मामले में लागू कोई कटौतियां इत्यादि नहीं होंगी |
| **6.0** | | **प्रशिक्षण की अवधि** |
| | 6.1 | एनईईएम प्रशिक्षण एनईईएम एजेंट के पास पंजीकृत किसी पंजीकृत कंपनी/उद्योग में दिया जाएगा |
| | 6.2 | एनईईएम प्रशिक्षण कम से कम 3 महीने का तथा अधिकतम 24 महीने का होगा |
| | 6.3 | एनईईएम प्रशिक्षण की अवधि उद्योग अथवा ट्रेड की प्रकृति, जहां पर एनईईएम प्रशिक्षु प्रशिक्षण हेतु लेने हेतु कार्यरत् है, के अनुसार निर्धारित की जाएगी तथा यह पूर्णतया एनईईएम एजेंट के विवेक पर आधारित होगी |
| **7.0** | | **प्रशिक्षण अनुबंध (संविदा) की समाप्ति** |
| | 7.1 | एनईईएम प्रशिक्षु तथा एनईईएम एजेंट के मध्य हस्ताक्षरित अनुबंध(संविदा) पत्र में वर्णित प्रशिक्षण अवधि के पूरा होने पर प्रशिक्षण का अनुबंध समाप्त माना जाएगा |
| | 7.2 | दूसरे पक्ष (पार्टी) को 30 दिन का लिखित अग्रिम नोटिस देकर कोई भी पक्ष अनुबंध को समाप्त कर सकता है |

| | | |
|---|---|---|
| | 7.3 | एनईईएम प्रशिक्षु के किसी गैर कानूनी आचरण अथवा कंपनी/उद्योग की नीतियों का पालन न करने अथवा एनईईएम प्रशिक्षु के लिए अधिसूचित प्रशिक्षण अवधि में बार–बार अनुपस्थित रहने पर एनईईएम एजेंट द्वारा प्रशिक्षु के प्रशिक्षण अनुबंध को समाप्त किया जा सकता है |
| | 7.4 | एनईईएम एजेंट द्वारा अनुबंध की किसी शर्त का अनुपालन न करने पर एनईईएम प्रशिक्षु 30 दिन का अग्रिम नोटिस देकर एनईईएम एजेंट के साथ अनुबंध को समाप्त कर सकता है |
| | 7.5 | एनईईएम प्रशिक्षु, जिस एनईईएम एजेंट अथवा कंपनी/उद्योग में अनुबंध के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है, वह उससे इस प्रशिक्षण अनुबंध के अंतर्गत रोजगार का अनुबंध नहीं कर सकता |
| **8.0** | | **एन.ई.ई.एम. के अंतर्गत प्रशिक्षण के उद्देश्य से निर्धारित ट्रेड एवं उद्योग** |
| | 8.1 | ऑटोमोबाईल तथा ऑटो घटक |
| | 8.2 | कैमिकल एवं फार्मास्यूटिकल्स |
| | 8.3 | इलेक्ट्रोनिक्स हार्डवेयर |
| | 8.4 | वस्त्र एवं परिधान |
| | 8.5 | चमड़ा एवं चमड़े की वस्तुएं |
| | 8.6 | रत्न एवं आभूषण |
| | 8.7 | भवन एवं निर्माण |
| | 8.8 | खाद्य प्रसंस्करण |
| | 8.9 | हथकरघा एवं हस्तशिल्प |
| | 8.10 | मूल संपदा, भवन हार्डवेयर तथा गृह सज्जा |
| | 8.11 | आई.टी.एस. अथवा सॉफ्टवेयर सेवाएं |
| | 8.12 | आई.टी.ई.एस.–बी.पी.ओ. सेवाएं |
| | 8.13 | पर्यटन आतिथ्य तथा ट्रेवल ट्रेड |
| | 8.14 | परिवहन, संभार/वेयर हाऊसिंग तथा पैकेजिंग |
| | 8.15 | खुदरा संगठन |
| | 8.16 | मीडिया, मनोरजंन, प्रसारण, सामग्री निर्माण तथा एनिमेशन |
| | 8.17 | हैल्थकेयर सेवाएं |
| | 8.18 | बैकिंग/बीमा एवं वित्त |
| | 8.19 | शिक्षा/कौशल विकास सेवाएं |
| | 8.20 | एफ.एम.सी.जी., उपभोक्ता डुरेबल सामान |
| | 8.21 | टेलिकॉम एवं टेलिकॉम अवसंरचना |
| | 8.22 | बहु–कौशल निर्माण |
| | 8.23 | अन्य |
| **9.0** | | **एनईईएम प्रशिक्षुओं का प्रैक्टिकल एवं मौलिक प्रशिक्षण** |
| | 9.1 | प्रत्येक एनईईएम प्रशिक्षु को नियोक्ता/कंपनी/उद्योग के परिसर में अथवा चयनित ट्रेड की आवश्यकता अनुसार, क्षेत्रगत संचालन में ट्रेड संबंधी गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा |

**परिशिष्ट -II- एनईईएम प्रशिक्षु के साथ संविदा पत्र**

दिनांक :

एनईईएम प्रशिक्षु सं0:

प्रिय

**एनईईएम – प्रशिक्षु संविदा पत्र**

हम आपको निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों के अध्यधीन एनईईएम प्रशिक्षु सहर्ष नियुक्त करते हैं :

1. प्रशिक्षण की अवधि ----- माह होगी तथा यह ------- तारीख से आरंभ होगी और इसकी समाप्ति की तारीख --------- है।
2. एनईईएम एजेंट के लिए प्रशिक्षण की अवधि की सफलतापूर्वक समाप्ति होने पर प्रशिक्षुओं को अपनी स्थापना में किसी रोजगार की पेशकश करना अनिवार्य नहीं होगा और न ही एनईईएम प्रशिक्षु के लिए नियोक्ता के अधीन कोई रोजगार स्वीकार करना अनिवार्य होगा। चूंकि एनईईएम प्रशिक्षु किसी स्थापना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है, आप एक प्रशिक्षु होंगे न कि एक कर्मी, अतः श्रमिक अथवा कार्य के संबंध में किसी भी कानून के उपबंध आप पर अथवा आपके संदर्भ में लागू नहीं होंगे।
3. एक एनईईएम प्रशिक्षु के रूप में, आप आचरण, अनुशासन और सुरक्षा के सभी मामलों में एनईईएम नियमों और विनियमों का पालन करने के दायी होंगे तथा स्थापना के सभी विधिसम्मत आदेशों का अनुपालन करेंगे।
4. एक एनईईएम प्रशिक्षु के रूप में, आप अपने विषय–क्षेत्र का अध्ययन कर्त्तव्यनिष्ठा और परिश्रम के साथ करेंगे तथा नियमित रूप से प्रैक्टिकल और शैक्षणिक कक्षाओं में शामिल होंगे।
5. एक एनईईएम प्रशिक्षु के रूप में आप एनईईएम प्रशिक्षण की अवधि के दौरान एनईईएम द्वारा तैयार और अनुमोदित तथा एनईईएम एजेंट द्वारा अनुशंसित प्रपत्र में अपने कार्य का रिकार्ड अनुरक्षित करेंगे।
6. जहां संविदा के निबंधनों को क्रियान्वित करने के संबंध में आपकी ओर से विफलता के लिए प्रशिक्षण की संविदा को समाप्त कर दिया जाता है, वहां आप प्रशिक्षण की लागत के रूप में उतनी राशि एनईईएम एजेंट को लौटाएंगे, जो एनईईएम एजेंट द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए। ऐसे मामले में, आप राष्ट्रीय रोजगार क्षमता वृद्धि मिशन (एनईईएम) के अंतर्गत प्रशिक्षण का कोई अन्य करार करने के लिए पात्र नहीं होंगे।
7. प्रशिक्षण की संविदा निम्न स्थितियों में एनईईएम प्रशिक्षु को प्रतिपूर्ति का भुगतान किए बिना समाप्त की जा सकती है –
   - (i) यदि आप लाभप्रद रोजगार प्राप्त कर लें (नियुक्ति पत्र की प्रति प्रस्तुत करने पर); और
   - (ii) चिकित्सा आधार पर प्रशिक्षण जारी रखने में असमर्थ रहते हैं (किसी सरकारी अस्पताल के साथ संबद्ध सिविल सर्जन/सर्जन की पंक्ति से अनिम्न किसी चिकित्सा अधिकारी से इस संबंध में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर)।
8. एनईईएम एजेंट द्वारा संविदा के उल्लंघन करने पर, एनईईएम एजेंट आपको उस श्रेणी के लिए विनिर्दिष्ट न्यूनतम वेतन के अनुरूप प्रतिपूर्ति का भुगतान करेगा।
9. वृत्तिका के भुगतान का जारी रहना प्रशिक्षण की अवधि के दौरान आपके संतोषजनक प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

**ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 15th April, 2013

**All India Council for Technical Education [National Employability Enhancement Mission (NEEM)] Regulations, 2013**

**F. No. 37-3/Legal/AICTE/2013.**—In exercise of it's powers conferred under sub-section[1] of section 23 read with section 10 of the All India Council for Technical Education Act, 1987 (52 of 1987), the All India Council for Technical Education, with an objective to offer on the job practical training to enhance employability of graduates / diploma holders or students pursuing graduation / diploma to increase their employability, makes the following Regulations :

| | | |
|---|---|---|
| **1.0** | | **SHORT TITLE, APPLICATION AND COMMENCEMENT** |
| | 1.1 | These Regulations may be called All India Council for Technical Education [National Employability Enhancement Mission (NEEM)] Regulations, 2013. |
| | 1.2 | These Regulations shall apply to any Society/Trust/Company registered under section 25 of Companies Act, 1956 / Bodies of Central Government / Bodies of State Government seeking registration as agent under National Employability Enhancement Mission and registered agent. |
| | 1.3 | These Regulations shall come into force with effect from the date their publication in the official gazette |
| **2.0** | | **OBJECTIVES** |
| | 2.1 | The objective of National Employability Enhancement Mission (NEEM) is to offer on the job practical training to enhance employability of a person either pursuing his or her graduation / diploma in any technical or non-technical stream or have discontinued studies of degree or diploma course to increase their employability |
| **3.0** | | **ELIGIBILITY OF A NEEM AGENT** |
| | 3.1 | Any Society/Trust/Company registered under section 25 of Companies Act, 1956 / Bodies of Central Government / Bodies of State Government shall be eligible to apply for registration as NEEM agent. |
| | 3.2 | NEEM agent shall be in the business of training for at least five years |
| | 3.3 | NEEM agent shall have at least a turnover of Rs.50 Crore per financial year for the previous three financial years or the parent company under which a section 25 company is formed to meet the objectives of NEEM may also have 50 crores turnover for the past three years. |
| | 3.4 | The NEEM agent shall have to register with AICTE for being approved as NEEM agent. |
| | 3.5 | The NEEM agent shall submit an affidavit as per proforma given in Appendix I for registration with AICTE in addition to the submission of data online for the purpose of such a registration |
| | 3.6 | The NEEM agent shall have the capacity to place at least 10,000 students per year in registered companies or registered industries for the purpose of providing training under the objectives of NEEM |

